कालबादेवी-गिरगांव में इमारत निर्माण की तैयारी शुरू

■ मेट्रो-३ परियोजना प्रभावितों का होगा पुनर्वसन

■ एमएमआरसीएल ने मंगाई ठेकेदारों से निविदा

सामना संवाददाता/मुंबई

मुंबई मेट्रो-३ परियोजना के अंतर्गत मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड दक्षिण मुंबई के कालबादेवी और गिरगांव में रिहायशी इमारतों का निर्माण भी करेगी।इस परियोजना के अंतर्गत परियोजना प्रभावित लोगों का पुनर्वसन किया जाएगा।

इमारतों के निर्माण के लिए एमएमआरसीएल ने ई-नोटिस के तहत ठेकदारों से निविदा मंगाई है। जानकारी के मुताबिक मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसीएल) अंडर ग्राउंड मेट्रो-३ परियोजना के अंतर्गत प्रभावित स्थानीय लोगों का पुनर्वसन गिरगांव और कालबादेवी में ही करेगी। इस परियोजना के अंतर्गत तजमंजिल सहित ४८ मंजिला रिहायशी और वाणिज्य इमारत संयुक्त रूप से बनाई जाएगी। इन इमारतों में ३६९ रिहायशी और १५६ कमर्शियल यूनिट होंगे। इस परियोजना की कुल लागत ३९५ करोड़ रुपए हैं तथा इन इमारतों को मॉनसून सहित ५४ महीने में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।